आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 19.03.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में कुंभ– 2027 के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा– केंद्र और राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विकास और अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
- लिपुलेख दर्रे से भारत–चीन सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने की दिशा में पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं।
- चैत्र नवरात्र के पहले दिन प्रदेश के विभिन्न सिद्धपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में कुंभ– 2027 के संबंध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस दौरान समिति ने हरिद्वार में आगामी कुंभ से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की। मुख्य सचिव ने कहा कि एक करोड़ रुपए से कम के अस्थायी कार्यों को आयुक्त गढ़वाल मंडल की अध्यक्षता वाली समिति अनुशंसा करेगी। उन्होंने विभिन्न ऐसे कार्यों जिनके अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके शासनादेश तत्काल जारी किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कुंभ से संबंधित चंडीदेवी और मनसा देवी का काम शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। इसके अलावा मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को अपने–अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही शुरू करने की बात कही। उन्होंने कुंभ कार्यो के लिए ऑडिट टीम भी शीघ्र तैनात करने, सूचना विभाग, पर्यटन और संस्कृति विभाग को अगली उच्च स्तरीय समिति में अपनी कार्ययोजनाओं को प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। श्री बर्धन ने मेलाधिकारी सोनिका को गतिमान निर्माण कार्यों को इस साल अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूरा कराने को कहा। बैठक में मेलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न विभागों के लगभग 191 करोड़ रुपए की लागत के कुल 33 कार्य हैं, जिनमें से 31 में कार्य शुरू हो चुका है और शेष 2 कार्यों की निविदा प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने सभी कार्यों को अक्टूबर तक पूरा किए जाने का आश्वासन भी दिया।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने हरिद्वार में अनुसूचित जाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विकास, अधिकारों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

**समीक्षा बैठक**

देहरादून स्थित उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में भूमि संबंधी धोखाधड़ी, सत्यापन अभियान, गुमशुदगी के मामलों और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. वी. मुरूगेशन ने सभी ज़िलों में चल रहे सत्यापन अभियान में तेजी लाने और संदिग्धों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बाहरी राज्यों से भागकर आए अपराधी राज्य में छिपे न हों और इसके लिए विभिन्न पोर्टलों की मदद से आपराधिक इतिहास की जांच की जाए।

भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में नियमानुसार जांच के बाद ही अभियोग दर्ज किए जाएं और साक्ष्यों के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि दीवानी प्रकृति के मामलों में पुलिस अनावश्यक हस्तक्षेप न करे और रेंज स्तर पर इन मामलों की कड़ी निगरानी रखी जाए।

बैठक में गुमशुदगी के मामलों, खासकर नाबालिग बच्चों के मामलों में, तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर बरामदगी की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए गए।

**भारत–चीन सीमा व्यापार**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में भारत–चीन सीमा व्यापार को इस साल फिर से शुरू किए जाने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भारत–चीन समझौते के अनुसार व्यापार अवधि जून से सितम्बर तक निर्धारित है, लेकिन मौसम की अनुकूलता के आधार पर अवधि बढ़ाए जाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ इस साल भारत–चीन सीमा व्यापार को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

**<u>चैत्र नवरात्र</u>**

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज प्रदेश के विभिन्न सिद्धपीठों और देवी मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ ही श्रद्धालुओं ने घरों और मन्दिरों में घट व कलश की स्थापना की। धर्मनगरी हरिद्वार के मंदिरों में भक्तों की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से सिद्धपीठ मां मनसा देवी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन कर रहे हैं। चम्पावत जिले में पूर्णागिरि मंदिर, माँ बाराही मन्दिर और हिंगलादेवी मन्दिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु माता के जयकारे के साथ दर्शन–पूजन कर रहे हैं। पंडित प्रकाश पुनेठा ने बताया कि   आज से चैत्र नवरात शुरू हो गए हैं और नौ दिनों तक माता के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाएगी।

वहीं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर माता की विशेष पूजा–अर्चना कर रहे हैं।

**<u>भ्रामक सूचना</u>**

उत्तराखण्ड पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. राकेश सिंह नेगी ने उत्तराखण्ड रोजगार प्रयाग पोर्टल पर उनके विभाग में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पदों को लेकर प्रसारित हो रही जानकारी का खंडन करते हुए इसे भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में पशुपालन विभाग की कार्यदायी संस्था के रूप में बोर्ड की ओर से 253 डेटा एंट्री ऑपरेटर के पदों के संबंध में रोजगार प्रयाग पोर्टल पर एक विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी, जो उस समय के लिए थी और वर्तमान में प्रासंगिक नहीं है। मुख्य अधिशासी अधिकारी के अनुसार हाल ही में कुछ माध्यमों से यह भ्रामक जानकारी प्रसारित हो रही है, कि उत्तराखण्ड रोजगार प्रयाग पोर्टल पर डेटा एंट्री ऑपरेटर के 253 पद वर्तमान में रिक्त हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह सूचना पूरी तरह निराधार है और वर्तमान समय में इस कार्यालय में डेटा एंट्री ऑपरेटर के कोई पद रिक्त नहीं हैं। बोर्ड ने आम जनमानस से अपील की है कि इस प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और केवल विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं को ही सही मानें।